शनिवार
01 जनवरी 2022



पृष्ठ 4
**खूबसूरत बालों के लिए इस तरह करें जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल**



पृष्ठ 5
**फिल्म एनकैंटो माता-पिता को कुछ महत्वपूर्ण सबक देती है:शिल्पा शेट्टी**



● देहरादून
● वर्ष 28
● अंक 318
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

29 वां वर्ष email: doonvalley_news@yahoo.com
आर.एन.आई.- 59626/94 Website: dunvalleymail.com
सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

जो भारी कोलाहल में भी संगीत को सुन सकता है, वह महान उपलब्धि को प्राप्त करता है।
— डॉ. विक्रम साराभाई

## वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़, 12 श्रद्धालुओं की मौत

संवाददाता

जम्मू कश्मीर। बीती रात लगभग दो बजे श्री वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ में 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए शोक प्रकट किया गया है।




❑15 घायल, कई गंभीर, 4 की अस्पताल से छुट्टी
❑पीएम ने दुर्घटना पर जताया दुख, मुआवजे की घोषणा

प्राप्त जानकारी के अनुसार नए साल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए गए हुए थे। बताया गया है कि जिस समय हादसा हुआ लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा थी। गेट नंबर तीन पर श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक थी कि लोग न आगे जा पा रहे थे और न पीछे। इसी बीच लोगों ने आपस में धक्का-मुक्की शुरू कर दी। पुलिस और प्रशासन भीड़ को नियंत्रण में नहीं रख सका और भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में संतुलन बिगड़ने से कई लोग खाई में गिर गए और कई लोग सड़क पर गिर गए और पैरों से कुचले जाते रहे जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मृतकों में चार लोगों की पहचान कर ली गई जिसमें दो लोग सहारनपुर और एक गोरखपुर तथा एक गाजियाबाद का रहने वाला है। दुर्घटना में घायलों का मां वैष्णो देवी मंदिर कटरा में इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में पांच लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है जबकि चार लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दुर्घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है तथा मृतक परिवारों को दो-दो लाख तथा घायलों को 50-50 हजार देने की घोषणा की है उधर जम्मू-कश्मीर सरकार ने भी मृतक आश्रितों को दस-दस लाख मुआवजा देने की घोषणा की गई है। दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं दुर्घटना के बाद रोकी गई यात्रा को फिर से शुरू कर दिया गया है।

## दो अंतर्राज्जीय चोर गिरफ्तार, माल बरामद

हमारे संवाददाता

देहरादून। गौहरी माफी क्षेत्र के स्कूलों में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अर्तराज्जीय चोरो को चोरी किये गये माल व वारदात में प्रयुक्त आटो सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 28 दिसम्बर को प्रधानाध्यापक राजकीय उ.मा.वि गौहरीमाफी निशा द्वारा थाना रायवाला में तहरीर देकर बताया गया था कि 24 दिसम्बर की रात को चोरों द्वारा विद्यालय भवन से 1 सीपीयू, 1 स्कैनर, 1 प्रिंटर, 1 यूपीएस, व एक इण्डक्सन चूल्हा आदि सामान चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। अभी पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई थी कि बीते 30 दिसम्बर को प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौहरी सरिता द्वारा थाना रायवाला में तहरीर देकर बताया गया कि बीते 27 दिसम्बर की रात को अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय भवन की आंगनवाड़ी किचन का ताला तोड़कर गैस सिलेण्डर चूल्हा, दो पेटी खिलौने, एक लक्ष्मी किट चोरी कर ली गयी है। क्षेत्र के स्कूलों में लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में अभियान तेज कर दिया गया। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को कल देर रात सूचना मिली कि उक्त स्कूलों में हुई चोरियों में शामिल चोर आटो लेकर चोरी का माल बेचने जा रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने हाथी गली मोतीचूर के पास से आटो सवार दो लोगों को दबोच लिया। जिन्होने अपना नाम नवीन शर्मा पुत्र नामधारी शर्मा व प्रवीन शर्मा पुत्र रामधारी शर्मा निवासी हरियाणा ◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर



## जम्मू-कश्मीर में तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कई नेता नजरबंद !

श्रीनगर । जम्मू–कश्मीर में परिसीमन आयोग की सिफारिशों के खिलाफ गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) द्वारा मार्च निकाले जाने से पहले तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुलला के पुत्र एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा, सुप्रभात और २०२२ का स्वागत। उसी जम्मू–कश्मीर पुलिस के साथ एक नए साल की शुरुआत जो अवैध रूप से लोगों को उनके घरों में बंद कर रही है और प्रशासन सामान्य लोकतांत्रिक गतिविधि से इतना डरा हुआ है। उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा कि गुपकर गठबंधन के शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन को रोकने के लिए ट्रक हमारे गेट के बाहर खड़े हैं। कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, एक अराजक पुलिस राज्य की बात करें, तो पुलिस ने मेरे पिता के घर को मेरी बहन के घर से जोड़ने वाले आंतरिक द्वार को भी बंद कर दिया है। फिर भी हमारे नेताओं के पास दुनिया को यह बताने की हिम्मत है कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है।



## देश में ओमीक्रोन मरीजों की संख्या 1431 हुई

नयी दिल्ली। देश में ओमिक्रोन के मामलों की कुल संख्या बढ़कर १,४३१ हुई। महाराष्ट्र और दिल्ली में ओमिक्रोन के सबसे ज़्यादा ४५४ और ३५१ मामले हैं। ओमिक्रोन के १,४३१ मरीज़ों में से ४८८ मरीज़ रिकवर हो गए हैं । केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार सुबह अद्यतन आंकड़ों में यह जानकारी दी। ओमीक्रोन स्वरूप के १,४३१ मामले २३ राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में सामने आए हैं और इनमें से ४८८ लोग या तो स्वस्थ हो गए हैं, या देश से चले गए हैं। कोरोना वायरस के नए स्वरूप के महाराष्ट्र में सबसे अधिक ४५४ मामले सामने आए हैं और इसके बाद दिल्ली में ३५१,केरल में ११८ और गुजरात में ११५ मामले सामने आए हैं।



**पिछले 24 घंटे में कोरोना के आए 22775 नए केस**

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार (०१ जनवरी) को देश में पिछले २४ घंटे में कोरोना के २२,७७५ नए मरीज सामने आए हैं। वहीं कोरोना से पिछले २४ घंटों में ४०६ लोगों की मौत हुई है। इसी दौरान बीते एक दिन में ८,९४९ रिकवरी हुई है। देश में ओमिक्रोन के १,४३१ मामले अब तक दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना से हुई कुल मौतों का आंकड़ा ४,८१,४८६ है। वहीं एक्टिव केसों की संख्या १,०४,७८१ है। देश में कोविड–१९ के कुल मामले ३,४८,६१,५७९ है। वहीं कुल रिकवरी ३,४२,७५,३१२ हुई है। देश में वैक्सीनेशन का कुल आंकड़ा १,४५,१६,२४,१५० है।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा है कि शनिवार को दिल्ली में बीते २४ घंटों में १,७९६ नए कोरोना केस सामने आए हैं। हालांकि इस दौरान एक भी लोगों की मौत नहीं हुई है। पॉजिटिविटी रेट २.४४त्न है। सत्येंद्र जैन ने कहा है कि हालांकि दिल्ली में मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। देश में छह अक्टूबर को २४ घंटे में संक्रमण के २२,४३१ नए मामले सामने आए थे। वहीं, ३० नवंबर को उपचाराधीन रोगियों की संख्या एक लाख के पार चली गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मामले संक्रमण के मामलों का ०.३० प्रतिशत हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# नया साल नई संभावनाएं

बीते वर्ष 2021 भारत ही नहीं पूरे विश्व राष्ट्रों के लिए बहुत शुभ नहीं रहा। पूरा साल कोरोना से बचाव के लिए की जाने वाली जद्दोजहद भी बीत गई। लेकिन जो बीत गया सो बीत गया 2021 जो अब इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुका है उस पर आंसू बहाने से कुछ हासिल नहीं हो सकता। क्योंकि इतिहास से सिर्फ सबक सीखा जा सकता है और भविष्य में सर्तक रहा जा सकता है। भले ही 2022 की शुरुआत भी कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के आतंक और तीसरी लहर की संभावनाओं और आशंकाओं के बीच हो रही है फिर भी शुभ की अपेक्षाओं का दामन नहीं छोड़ा जा सकता है। उम्मीद जिसके बारे में यही कहा जाता है कि दुनिया उम्मीद पर ही कायम है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि नए साल का आगमन समूचे विश्व और मानव समाज के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। भले ही कोरोना अभी भी समाप्त नहीं हुआ है लेकिन कोरोना के कारण जितना नुकसान हो चुका है अब उससे अधिक कुछ नहीं होगा। कोरोना से बचाव के अब बहुत सारे उपाय खोज लिए गए हैं और जो नहीं खोजे जा सके हैं वह खोज लिए जाएंगे। भारत में अब तक 60-65 फीसदी लोगों का वैक्सीनेशन हो चुका है और यह प्रक्रिया अभी भी गतिमान है, वहीं अब बूस्टर डोज का विकल्प भी हमारे सामने है सीधी बात है कोरोना से अब जान का खतरा वैसा नहीं हो सकता है जैसा बीते साल रहा। कोरोना के कारण आर्थिक गतिविधियों पर जो विराम लग चुका था वह भी हट चुका है तथा अर्थव्यवस्था की गति जितनी धीमी हुई थी उससे भी कहीं अधिक तेज गति से उसमें सुधार हो रहा है। कोरोना काल में सबसे बड़ा नुकसान बच्चों की पढ़ाई का हुआ है लंबे समय तक स्कूलों के बंद रहने से पढ़ाई लिखाई करने की मानसिकता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। भले ही कुछ भी हो लेकिन वैसी स्थिति भविष्य में कभी उत्पन्न नहीं होने दी जानी चाहिए। क्योंकि बच्चे ही देश और समाज का भविष्य हैं। समाज के हर वर्ग की यह जिम्मेदारी है कि वह किसी भी सूरत में ऐसे हालात पैदा न होने दें। हमारी किसी भी लापरवाही के कारण ऐसा होता है तो इतिहास हमें कभी भी माफ नहीं करेगा। इन दिनों पांच राज्यों में होने वाले चुनावों के लिए जो रैलियां हो रही है वह ऐसी ही लापरवाही का नमूना है। कोरोना को लेकर अभी भी सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। भीड़भाड़ वाली जगहों से दूरी बनाकर रखना और मांस्क अनिवार्य प्रयोग करना हर आदमी की निजी जिम्मेवारी है। नए साल और क्रिसमस के कार्यक्रमों में जुटने वाली भीड़ क्या हमारी लापरवाही को नहीं दर्शाती है? रैलियां, जलसे-जुलूस और जश्न तथा आस्था सब कुछ तभी संभव है जब जान सुरक्षित रहेगी। इस कोरोना काल ने कम से कम हम सभी को इतना तो सिखा ही दिया है कि सामाजिक सुरक्षा का मतलब सामूहिक जिम्मेवारी ही होता है। आशा और अपेक्षा की जानी चाहिए कि 2022 नए सृजन और नवनिर्माण व नवचेतना का साल साबित होगा।

# जीवन में सफलता के लिये पूज्य सन्तों का आशीर्वाद बहुत आवश्यक है: धामी

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ने शनिवार को जगद्गुरू आश्रम कनखल में निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द जी महाराज के प्रथम सन्यास दीक्षा समारोह में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द जी महाराज के दीक्षा समारोह की वजह से आज मुझे सभी पूज्य सन्तों का एक साथ आशीर्वाद मिलने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिये पूज्य सन्तों का आशीर्वाद बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिनु हरि कृपा मिलहि न सन्ता....। सत्संग का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि सत्संग का मनुष्य के जीवन में काफी प्रभाव पड़ता है, जिस तरह का सत्संग होगा, उसी तरह का मनुष्य का आचार–व्यवहार होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि संस्कृति की बात हो या अन्य, हर क्षेत्र में पताका फहराने का काम मा० प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हो रहा है।

समारोह को जगद्गुरू शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज, स्वामी




महामण्डलेश्वर कैलाशानन्द जी महाराज, स्वामी हरिचेतनानन्द जी, स्वामी चिदानन्द मुनि, आचार्य बाल कृष्ण, युग पुरूष परमानन्द जी महाराज, महन्त प्रेम गिरिजी महाराज, पूज्य हरिगिरि जी महाराज, महन्त विज्ञानानन्द जी महाराज, श्री पदम जी, सतपाल ब्रह्मचारी जी महाराज, देवानन्द सरस्वती जी महाराज, श्री तन्मय वशिष्ठ, महामंत्री श्रीगंगा सभा, राजीव शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष आदि ने सम्बोधित किया।

मंच का संचालन आखाड़ा परिषद व मंसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष रविन्द्रपुरी जी महाराज ने किया।

जगद्गुरू आश्रम कनखल पहुंचने पर मा० मुख्यमंत्री का शाल ओढ़ाकर, विशाल माला, पुष्पगुच्छ तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, ललितानन्द जी महाराज, कमलदास जी महाराज, महेश पुरी जी महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह चौहान, महामंत्री श्री विकास तिवारी, जिलाधिकारी श्री विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० योगेन्द्र सिंह रावत, एसडीएम श्री पूरण सिंह राणा, सिटी मजिस्ट्रेट श्री अवधेश कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

जगद्गुरू आश्रम कनखल के पश्चात मुख्यमंत्री ने जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज से हरिहर आश्रम पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी सुश्री बबीता फोगाट भी उपस्थित थीं।

# अंशदाई पेंशन योजना के विरुद्ध मर्तोलिया का उपवास

नगर संवाददाता




पिथौरागढ़। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने आज अंशदाई पेंशन योजना के खिलाफ अपने आवास पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 4 घंटे उपवास पर बैठ कर स्थाई पेंशन योजना के लिए कानून लाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 को वह इस संघर्ष के लिए समर्पित कर रहे है।

कहा कि अंशदाई पेंशन योजना के खिलाफ संपूर्ण देश में कर्मचारी संगठन आंदोलित है। उत्तराखंड में भी इस मांग को लेकर लगातार कर्मचारी संगठनों के संघर्ष हो रहे है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया लंबे समय से इस मांग को विभिन्न मंचों से उठा रहे है। आज नव वर्ष के प्रथम दिवस पर मर्तोलिया ने अपने आवास पर कोविड-19 के कारण 4 घंटे धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनका उपवास भी जारी रहा। मर्तोलिया ने कहा कि आने वाले चुनाव में इस सवाल को हर मंच से उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य तथा केंद्र सरकार को स्थाई पेंशन योजना के लिए अध्यादेश लाकर अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो यह माना जाएगा कि वह स्थाई पेंशन योजना के पक्ष में नहीं है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया का कहना है कि आज कर्मचारी समाज के सम्मुख अंशदाई पेंशन योजना एक अभिशाप बनकर सामने आई है। आने वाले समय में इस देश के नौजवान जो सरकारी कार्मिक बनकर अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहते है। उनको भी इस समस्या से गुजरना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में वे इस मांग पर विशेष फोकस करते हुए हर मंच से इस मांग को जोरदार ढंग से उठाएंगे। इसके लिए चतुर्थ श्रेणी से लेकर आईएएस अधिकारियों तथा पेरामिल्ट्री तक को लामबंद किया जायेगा। मर्तोलिया ने कहा कि वे सामाजिक वातावरण तैयार करने के लिए विभिन्न क्रियाकलापों को आयोजित करेंगे।

# जातीय जनगणना और नीतीश कुमार की टेढ़ी चाल

असित नाथ तिवारी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वो राज्य में जातीय जनगणना करवाएंगे। ऐसा करके उन्होंने अपनी ही सरकार की सहयोगी पार्टी बीजेपी को चुनौती दे दी है। गठबंधन में बीजेपी विधायकों की संख्या जदयू विधायकों से ज्यादा है लिहाजा, बीजेपी यहां खुद को बड़ा भाई के तौर पर देखती है लेकिन, कम विधायकों वाला जदयू बीजेपी को बड़ा भाई नहीं मानता। भाजपा नेता लगातार कहते रहे कि वो जातीय जनगणना नहीं होने देंगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिहार में जातीय जनगणना करवाने से इनकार कर दिया है। बावजूद इसके नीतीश अड़े रहे। जाहिर है राजनीति में इस अड़ियल रुख के सियासी मायने होते हैं।

12 फरवरी 1994 को पटना के गांधी मैदान में कुर्मी चेतना रैली को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा था 'अधिकार चाहिए सम्मान चाहिए।' इस रैली से पहले यह हवा उड़ाई गई थी कि तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद कोइरी और कुर्मी जाति को ओबीसी से बाहर करने वाले हैं। इसके बाद राज्यभर में कोइरी और कुर्मी बिरादरी में गुस्सा भर गया था। इस अफवाह ने तब नीतीश कुमार को बड़ा मौका दिया और वो देखते ही देखते राज्य भर में लालू विरोध का सबसे बड़ा चेहरा बन गए। जातिवादी मंच से जातिवादी राजनीति का बिगुल फूंक नेता बने नीतीश कुमार ने तब से अब तक बहुत ही करीने से जातीय समीकरण साधे और सत्ता की धुरी बने रहे। मौजूदा जातीय जनगणना की मांग उनकी उसी जातीय राजनीति का विस्तार है। नीतीश कुमार यह भली-भांति जानते हैं कि राज्य सरकार को जनगणना का कोई अधिकार नहीं है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ का विषय है। राज्य सरकार द्वारा करवाई गई ऐसी कोई भी गिनती कानूनी रूप से जनगणना नहीं मानी जाएगी। नीतीश कुमार ये भी जानते हैं कि उनके इस कथित जनगणना के आधार पर न तो सरकार कोई नीतिगत फैसले ले पाएगी और ना ही किसी जाति विशेष के लिए कोई योजना बना पाएगी।

मतलब साफ है कि ये कथित जनगणना सिर्फ जातिवादी राजनीति के काम आने वाली है। इसके जरिए हासिल किए गए आंकड़ों के बूते समाज को बांट-छांट कर राजनीत ही की जाएगी और कुछ नहीं किया जा सकेगा। लेकिन क्या नीतीश कुमार सिर्फ इतना ही चाहते हैं ऐसा नहीं लगता। नीतीश कुमार यह लगातार देख रहे हैं कि बीजेपी अब खुद को ओबीसी की पार्टी के तौर पर पूरी आक्रामकता के साथ पेश कर रही है। ऐसे में लगातार कमजोर होते जा रहे जदयू का आगे और बड़ा नुकसान संभव है। इसलिए अब नीतीश कुमार ने एक नया दांव चला है।

इस दांव के जरिए वो अपने ही सहयोगी बीजेपी के आधार वोट बैंक को तोड़ने की कवायद में जुटे हैं। वो ये अच्छी तरह जानते हैं कि उनकी इस मांग का विरोध भाजपा को छोड़कर दूसरा कोई दल नहीं करेगा। वो ये भी जानते हैं कि जो भी दल इसका विरोध करेगा उसको ओबीसी विरोधी राजनीतिक दल कह कर वो चुनाव से पहले भ्रम का माहौल खड़ा कर लेंगे। इसलिए यह जरूरी है कि नीतीश कुमार के इस सियासी दांव को ठीक से समझा जाए और उनकी चाल पर पैनी नजर रखी जाए।

अर्यम्यं वरुण मित्र्यं वा सखायं वा सदमिद्भ्रातरं वा।
वेशं वा नित्यं वरुणारणं वा यत्सीमागश्चकृमा शिश्रथस्तत्।।

(ऋग्वेद ५–८५–७)

यदि किसी सज्जन,भाई, मित्र, सहायक, शिक्षक आदि के प्रति अज्ञानवश हमने कभी पाप किया है, तो हे ईश्वर ! हमें ऐसे पापों से मुक्त करो।

If we have ever sinned in ignorance towards a gentleman, brother, friend, assistant, teacher, etc., then O God ! Get us free from such sin.
(Rig Veda 5-85-7)

# भाजपा सरकार में सड़कों का बिछा जालः तीरथ सिंह रावत

ऋषिकेश। पूर्व मुख्यमंत्री एवं गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा भाजपा सरकार में सड़कों का जाल बिछा है। कहा कि कोविड काल के दौरान उत्तराखंड सरकार ने बेहतरीन कार्य किया। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत और यमकेश्वर विधायक रितु खंडूड़ी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नौडखाल माला से सिरासू मोटर का मार्ग शिलान्यास संयुक्त रूप से किया।



इस दौरान यमकेश्वर विधायक ने कहा कि पांच सालों में उत्तराखंड का विकास चरम पर हुआ है। प्रदेश सरकार ने होम स्टे, डेरी पालन, मुर्गी पालन, कैंप के माध्य से युवाओं को रोजगार देकर सशक्त बनाने का काम किया है। विधायक मीडिया प्रभारी अलकेश कुकरेती ने बताया कि नौडखाल माला से कोटा से सिरासू मोटर मार्ग की दूरी १३ किमी है। जिसकी लगात १४ करोड़ ४१ लाख रुपये, नोडखाल माला से कोटा मोटर मार्ग की दूरी १२ किमी, जिसकी लागत १२ करोड़ ५६ लाख रुपये है। जबकि पौखाल मंडलू से खामना ५ किमी मोटर मार्ग की लागत ५ करोड़ ५२ लाख रुपये, आमसोड से जगरड्डी ५ किमी सड़की लागत ५.५२ लाख रुपये है। इससे करीब १५०० परिवारों की यात्रा सुगम होगी। मौके पर ब्लॉक प्रमुख आशा भट्ट, नवनीत राजपूत, मंडल अध्यक्ष गुरुपाल बत्रा, नीरज कुकरेती, बिजेंद्र बिष्ट, सुभाष जुगलान, विनोद जुगलान, ग्राम प्रान सिरासू प्रीतम राणा, कोटा अनिता देवी आदि मौजूद रहे।

# गांजा तस्करी में एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर रात खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है।



जानकारी के अनुसार कल देर रात थाना नेहरूकालोनी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को रिस्पना पुल के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक किलो 128 ग्राम गांजा बरामद किया। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम जीत नाथ पुत्र मोनी नाथ निवासी सपेरा बस्ती बाईपास बताया। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# चाकू सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

देहरादून। वारदात की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने कल देर रात धारदार हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया है।


आशिक अली

जानकारी के अनुसार कल देर रात कोतवाली डोईवाला पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान जब पुलिस हिमालयन अस्पताल के समीप पहुंची तो उसे वहां एक संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद किया। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम आशिक अली पुत्र युसूफ अली निवासी कूड़कावाला बताया। पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# नए मतदाताओं को विस अध्यक्ष ने किया सम्मानित

नगर संवाददाता

ऋषिकेश। नववर्ष के अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नए मतदाताओं सम्मानित किया।

इस दौरान अग्रवाल ने नववैवाहिक दांपत्य जीवन में बंधने वाले जोड़ों को भी शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन सभी नई दुल्हनों को जो ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र की नई मतदाता के रूप में जुड़ी है उन्हें भी सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी का जीवन उमंग, उत्साह व ऊर्जा से परिपूर्ण हो और अपने सभी लक्ष्य सार्थक करने में सफल हो, यही कामना है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान सभी से प्रदेश के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया।




इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के सभी नए मतदाता आने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। अग्रवाल ने कहा कि युवा सोच के साथ हमें प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। अग्रवाल ने कहा कि आज का युवा और प्रदेश का भविष्य है। इस दौरान अग्रवाल ने वैवाहिक दांपत्य जीवन में बंधने वाले सभी जोड़ों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने राकुल सिंह, पूजा लोधी, अनुज पाल, रूपाली, प्रदीप, रेशमा, देवेंद्र, बिट्टू, विनीत, मुकुल कुमार, तानिया, आकाश, रवि, रमेश चंद्र, विपिन, लारा सहित अनेकों नए मतदाताओं को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अवसर पर समाजसेवी मनोज जखमोला, पार्षद सुंदरी कंडवाल, मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी, अनीता प्रधान, रणजीत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नगर निगम ने शुरु किया स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान

नगर संवाददाता

देहरादून। नगर निगम देहरादून ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आज से अभियान का शुभारंभ किया। वहीं स्वच्छता में नगर निगम की रैंक सुधरने पर मेयर सहित अन्य अधिकारियों ने इसमें और सुधार करने के साथ ही 50 से 25 रैंक तक देहरादून निगम को लाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही निगम ने आरजे काव्या और समाजसेवी अनूप नौटियाल को इस अभियान का ब्रांड अंबेसडर भी घोषित किया है।

आज नगर निगम बोर्ड बैठक में सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि बेहतर लक्ष्य पाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। रैंकिंग में और सुधार लाने के लिए भी निगम पूरा प्रयास कर रहा है और इस लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 से 25 तक रैंक के लिए भी निगम प्रयासरत है। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की है कि सभी लोग यह प्रतिज्ञा लें कि न गंदगी करेंगे न करने देंगे। जब लोग स्वयं ही शुरूआत करेंगे तो निश्चित ही रैंकिंग में सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि हम अन्य शहरों से तुलना नहीं कर सकते हैं क्योंकि हमारे

## ❑अनूप और काव्या बने ब्रांड एंबेसडर

पास संसाधनों की कमी है लेकिन फिर भी सामुहिक जिम्मेदारी से लक्ष्य को पूरा करना है। कहा कि दीवार लेखन, पेंटिंग करवाई जाएगी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जो वार्ड सबसे साफ-सुथरे होंगे उनको पुरस्कार स्वरूप अतिरिक्त बजट दिया जाएगा। इसमें प्रथम को 25 लाख, द्वितीय को 15 लाख तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले वार्ड को 10 लाख की धनराशि दी जाएगी। नगर आयुक्त अभिषेक रोहिला ने कहा कि स्वच्छता के मॉडल को पहचान देने की जरूरत है। इस स्वच्छता सर्वेक्षण में लोग माय जीओवी, वोट फॉर योर सिटी, 1969 हेल्पलाइन, क्यू आर बेस्ड फीडबैक, एसएस2022 पोर्टल के जरिए फीडबैक दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के साथ ही आम लोगों का सहयोग भी जरूरी है।

वहीं ब्रांड एंबेसडर अनूप नौटियाल ने कहा कि दून निगम ने सर्वेक्षण में अच्छा सुधार किया है। उत्तराखंड में भी नौ नगर निगम हैं और यहां भी बेहतर कार्य हो सकते हैं। ब्रांड एंबेसडर आरजे काव्या ने कहा कि देहरादून नगर निगम तभी मॉडल शहर बन सकता है जब हर आदमी की इसमें भागीदारी होगी। हमारा अगला लक्ष्य दून को टॉप शहरों में शामिल करना है। इसके लिए संचार के सभी माध्यमों का प्रयोग भी किया जाएगा।

# प्रदूषित पानी गंगा में जाने की शिकायत सीएम से की

संवाददाता

हरिद्वार। पुराने ललतारो पुल के समीप बिरला घाट, चंडी चौराहा मार्ग पर प्रदूषित पानी गंगा में जाने पर कृषि उत्पादन मंडी समिति के चेयरमैन ने आपत्ति ने सीएम से समाधान पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है।

कृषि उत्पादन मंडी समिति चेयरमैन संजय चोपड़ा का कहना है कि जल संस्थान, नमामि गंगे, गंगा प्रदूषण इकाई, पर्यावरण इकाई से संबंधित अधिकारियों की लापरवाही निंदनीय है। चोपड़ा ने कहा बिरला घाट से चंडी चौराहा मार्ग पुराने ललतारो पुल के समीप बरसों से शुद्ध पेयजल की बर्बादी के साथ लीकेज हो रहा पाइप की वजह से ललतारो पुल का एक कोना कभी भी धंस सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।



कहा कि कई बार इसकी शिकायत करने के बावजूद भी जल संस्थान के अधिकारियों द्वारा बजाय नया पाइप डालने के पुरानी पाइपलाइन की मरम्मत कर खानापूर्ति की जा रही है जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। चेतावनी दी यदि एक सप्ताह के भीतर जनहित में यह पाइपलाइन बदली नहीं जाती तो नमामि गंगे जल संस्थान और गंगा के संरक्षण के लिए कार्य कर रही सभी संस्थाओं व इकाइयों के अधिकारियों के घेराव कर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाए जाएंगे।

इस दौरान स्वामी अभयानंद गिरी महाराज, लघु व्यापारी नेता राजेंद्र पाल, अनिल कुमार, मुकेश रावत, मनोज मंडल, व्यापारी नेता राजेश खुराना, कुंवर सिंह मंडवाल, राधेश्याम रतूड़ी, कैलाश चौधरी, वीरेंद्र कुमार, जय सिंह बिष्ट, प्रभात चौधरी, मोहनलाल, राजेश अरोड़ा, सचिन राजपूत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पीसीओएस से ग्रस्त महिलाएं डाइट में शामिल करें ये चीजें

पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम, यह एक ऐसी स्थिति है, जो महिलाओं में हार्मोन असंतुलन के कारण उत्पन्न हो सकती है। इसके कारण महिलाओं को अनियमित पीरियड्स, वजन बढ़ना और बालों के झड़ने जैसी कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। हालांकि, अगर सही इलाज के साथ डाइट पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाए तो इसके जोखिम कम करने में काफी मदद मिल सकती है। आइए, जानते हैं कि पीसीओएस से ग्रस्त महिलाओं की डाइट में किन चीजों का होना लाभदायक है।

यह स्टोरी क्यों महत्वपूर्ण है?

पीसीओएस से ग्रस्त महिला के शरीर में पुरुष हार्मोन एण्ड्रोजन का स्तर जरूरत से ज्यादा हो जाता है और अंडाशय पर सिस्ट बनने लगते हैं। बता दें कि शरीर को सही तरह से काम करने के लिए पुरूष और महिला दोनों हार्मोन्स की आवश्यकता होती है, लेकिन पीसीओएस वाली महिला में अधिक पुरुष हर्मोन हो जाते हैं, जिसके कारण कई समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि, सही डाइट की मदद से इस स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है।

प्रोटीन युक्त आहार

अगर किसी महिला को पीसीओएस है तो उसको अपनी डाइट में प्रोटीन से युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना नहीं भूलना चाहिए। दरअसल, प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करने से पीसीओएस वाली महिलाओं में पुरुष हार्मोन एण्ड्रोजन का स्तर नियंत्रित करने में काफी मदद कर सकता है। इसके साथ ही कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। इसलिए पीसीओएस वाली महिलाएं अपनी डाइट में अंडे, मछली, बादाम और दाल जैसे प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को जरूर शामिल करें।

फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ

फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन हार्मोन्स का संतुलन बनाए रखने में महिलाओं की मदद कर सकता है और उन्हें अन्य कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान कर सकता है। डाइट में फाइबर युक्त आहार को शामिल करने का सबसे बड़ा फायदा है कि ये बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में भी सहायक है। साबुत अनाज, नाशपती, ब्रोकोली, गाजर, स्वीटकॉर्न, शकरकंद, बीन्स, दाल, मेवे और खाद्य बीज आदि फाइबर युक्त होते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक, मेथी और बथुआ जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां न सिर्फ फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत होती हैं, बल्कि ये विटामिन- सी, विटामिन- के, विटामिन- ए और फोलेट जैसे पोषक तत्वों से भी समृद्ध होती है, जो हार्मोन को संतुलित रखने में सहायक हैं। इसके अतिरिक्त, हरी पत्तेदार सब्जियां शरीर की कई जरूरतों को भी पूरा कर सकती हैं और कई तरह की बीमारियों से बचाकर रखने में मदद कर सकती हैं। इसलिए पीसीओएस वाली महिलाएं अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें।

# अनुप्रिया गोयनका ने टाइगर जिंदा है को बताया अपने करियर का टर्निंग पॉइंट

सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा है को चार साल पूरे हो गए। इसमें पूर्णा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका ने फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को याद करते हुए इसे अपने करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया।अपने उत्साह को साझा करते हुए, अनुप्रिया कहती हैं, टाइगर ज़िंदा है मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। पूर्णा एक बहुत ही बारीक किरदार था, और मैं यश राज, आदित्य (चोपरा) सर की आभारी हूँ। अली अब्बास जफर ने मुझे यह भूमिका निभाने का मौका दिया। फिल्म के बारे में बात करते हुए, वह कहती हैं, हमने फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत अच्छा समय बिताया। हम दो महीने अबू धाबी में थे, और मैंने सेट पर कुछ अच्छे दोस्त बनाए। सलमान खान, कैटरीना कैफ और कुमुद मिश्रा के साथ काम करना एक अच्छा अनुभव था। सीखने का अद्भुत अवसर था। इसने वाईआरएफ के साथ मेरे पहले सहयोग को भी चिह्नित किया, और वे अब परिवार की तरह हैं। फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर की भी प्रशंसा करते हुए हैं, आगे कहती हैं, मुझे अली अब्बास जफर में एक अच्छा निर्देशक भी मिला। वह एक आदमी की सेना है और हमेशा अपने पैरों पर है, किसी भी चुनौती को लेने के लिए तैयार है। टाइगर जिंदा है एक बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्म है। मुझे आज भी वह समय याद आता है जब मैंने इसकी शूटिंग के दौरान बिताया था। अभिनेत्री वर्तमान में बहुप्रतीक्षित शो असुर के दूसरे सीजन और हॉटस्टार के लिए एक और अभी तक शीर्षक वाली श्रृंखला के लिए तैयार है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# खूबसूरत बालों के लिए इस तरह करें जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल



बालों की देखभाल के लिए तेल की मसाज करना बेहद जरूरी है. तेल की मसाज रूसी, रूखे बाल, भंगुर बाल, बालों का झड़ना, दोमुंहे बालों की समस्या से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं.

बालों की देखभाल के लिए नारियल का तेल, आर्गन का तेल, एवोकैडो का तेल, रोजहिप ऑयल आदि जैसे प्राकृतिक तेल बहुत अच्छे होते हैं. ये बालों को हाइड्रेट और मॉइस्चराइज करते हैं. बालों के लिए आप जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल कई तरीके से कर सकते हैं.

जोजोबा तेल लगाएं

थोड़ा जोजोबा तेल लें और इसे स्कैल्प के साथ-साथ बालों की लंबाई पर भी लगाएं. अपनी उंगलियों से धीरे-धीरे सिर की मालिश करें. माइल्ड शैम्पू से धोने से पहले इसे 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें. हफ्ते में 2-3 बार इसका इस्तेमाल करें. बालों की देखभाल के लिए जोजोबा तेल का इस्तेमाल करने का ये सबसे आसान तरीका है.

जोजोबा तेल और जैतून के तेल

एक कटोरी में दो बड़े चम्मच जैतून का तेल और जोजोबा तेल लें. एक साथ मिलाएं और इस तेल के मिश्रण को बालों और स्कैल्प पर लगाएं. कुछ मिनट के लिए स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें. एक बार हो जाने के बाद, 20-30 मिनट तक इसे लगा रहने दें. बालों को धोने के लिए माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करें. इसका इस्तेमाल आप सप्ताह में दो बार कर सकते हैं.

जोजोबा तेल और नींबू का रस

एक नींबू लें और इसे आधा काट लें. आधे नींबू का रस निकाल लें और ताजा नींबू के रस में 2-3 बड़े चम्मच जोजोबा तेल मिलाएं. इसे एक साथ मिलाएं और इसका इस्तेमाल स्कैल्प की अच्छी तरह से मालिश करने के लिए करें. माइल्ड शैम्पू से धोने से पहले इसे 30-40 मिनट के लिए स्कैल्प पर लगा रहने दें. इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 2-3 बार कर सकते हैं.

जोजोबा तेल और केला

एक कटोरे में दो पके केले मैश करें. इसमें 2 टेबल स्पून जोजोबा तेल मिलाएं. एक साथ मिलाएं. अपने स्कैल्प और बालों पर अच्छी तरह से हेयर मास्क लगाएं. अपने पूरे सिर को शावर कैप से ढक लें और 30-40 मिनट के लिए मास्क को लगा रहने दें. सादे पानी और माइल्ड शैम्पू से धो लें. इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार कर सकते हैं.

जोजोबा तेल और अंडे की जर्दी

एक कटोरे में एक अंडे की जर्दी लें. इसमें 2 टेबल स्पून जोजोबा ऑयल मिलाएं. इन दोनों को आपस में मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें. इसे पूरे बालों और स्कैल्प पर लगाएं. शावर कैप पहनें और मास्क को 30-40 मिनट के लिए लगा रहने दें. इसके बाद माइल्ड शैम्पू से धो लें. सप्ताह में एक या दो बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.

# 'पुष्पा' में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के बीच फिल्माए बोल्ड सीन को लेकर छिड़ी बहस

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' सुर्खियों में है. इस फिल्म के रिलीज के बाद भी इस फिल्म से जुड़ी कोई न कोई खबर आ ही जा रही है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त व्यवसाय कर ही रही है. साथ ही साथ इस फिल्म के कंटेंट को लेकर भी काफी चर्चा चल रही है. इस फिल्म से जुड़ा एक नया मामला सामने आया है. ये मामला फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के बीच दर्शाए एक सीन को लेकर है. अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' 17 दिसंबर को थिएटर में रिलीज हो चुकी है. इसके रिलीज के बाद फिल्म में एक सीन को लेकर आपत्ति जताई जा रही है. ये सीन अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के बीच फिल्माया गया है. इस सीन को आपत्तिजनक बताया गया है. वजह मुख्य अभिनेता के छाती को टच करते दिखाया गया है. इस पूरे सीन के संदर्भ में कई लोगों को परेशानी है. श्रीवल्ली (रश्मिका) अपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए सार्वजनिक स्थल पर पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) के छाती को टच करती दिखाई दे रही हैं. इसी सीन पर तेलुगु परिवार के दर्शकों ने ऐतराज जताया है.

इसके अलावा एक टिफिन सीन और वैन सीन को हटाने की सोशल मीडिया पर चर्चा चल रही है. फिल्म देखने के बाद दर्शकों ने इसे मेकर्स से हटाने के लिए कहा है. उनका मानना है कि ऐसा करने से फैमिली दर्शक भी इसके साथ जुड़ पाएंगे. आपको बता दें, इस फिल्म में जंगल की कहानी दिखाई गई है जहां जंगल में रहने वाले लोगों की परेशानियों और चंदन की तस्करी जैसे अहम मुद्दों पर फोकस करके एक कहानी बुनी गई है.

## शब्द सामर्थ्य - 77

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## रश्मिका मंदाना के इंस्टाग्राम पर हुए 25 मिलियन से ज्यादा फॉलोवर्स, किया सेलिब्रेट

साउथ इंडस्ट्री की बेहद ही खूबसूरत एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज़ हुई फिल्म पुष्पा को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई है। रश्मिका जहां बहुत ही कम समय में साउथ इंडस्ट्री में अपनी अच्छी खासी पहचान बना चुकीं है, वहीं अब वह जल्द ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार है।

एक्टिंग के साथ ही रश्मिका सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को अपने ग्लैमरस अवतार से भी रूबरू करवाती रहती है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक्ट्रेस की बहुत ही अच्छी फैन फॉलोइंग है, जो अब 25 मिलियन से ज्यादा हो गई है। 25 मिलियन से अधिक फैन फॉलोवर्स होने का जश्न मनाते हुए रश्मिका ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है।

अभिनेत्री ने सेलिब्रेशन की कुछ खास तस्वीरों का रील्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, वेट वेट वेट!!!!! इससे पहले मैं भूल जाऊं 25 मिलियन फैमिली..... अब 25.8 मिलियन फैमिली। हमने इसे सेलिब्रेट किया। आई लव यू।

इस रील्स में रश्मिका केट कट करते दिखाई दे रहीं हैं तो कभी मस्ती के मूड में नजर आ रहीं हैं। उनका यह पोस्ट उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, और सभी कमेंट्स कर रश्मिका द्वारा इस माइलस्टोन को पार करने पर उन्हें बधाइयाँ दे रहे हैं।

फिलहाल एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इस समय फिल्म पुष्पा द राइज में नजर आ रहीं हैं। इस फिल्म में उनके साथ अल्लू अर्जुन भी है। फिल्म हिंदी भाषा में भी रिलीज हुई है जिसे बहुत ही शानदार प्रतिक्रिया मिल रहीं हैं। इसी के साथ रश्मिका फिल्म मिशन मजनू से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा लीड रोल में है। इसके अलावा वह अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म गुडबाय में भी दिखाई देगी।

## लूसिफर के क्रॉसओवर पोस्टर में दिखीं शहनाज गिल

मुख्य अभिनेता टॉम एलिस के साथ बिग बॉस 13 की पूर्व प्रतियोगी शहनाज गिल की फैंटेसी सीरीज लूसिफर के पोस्टर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। हालाँकि, पोस्टर उनके आगामी प्रोजेक्ट के बारे में नहीं है, बल्कि नेटफ्लिक्स द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया गया एक क्रॉसओवर पोस्टर है। एक अन्य क्रॉसओवर पोस्टर में बॉलीवुड के प्रशंसित अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को लोकप्रिय कोरियाई सर्वाइवल ड्रामा स्क्वीड गेम में दिखाया गया है।

शहनाज को एक बार फिर सोशल मीडिया पर एक्टिव देखने के लिए सिडनाज के फैन्स एक्साइटेड हो गए हैं।

शहनाज ने सोशल मीडिया पर पोस्टर साझा किया और लिखा, असली बिग बॉस तो यहां है। हैशटैग नेटफ्लिक्सइंडियाप्लेबैक2021, हैशटैग प्लेबैक 2021।

उनके प्रशंसकों ने उनके भविष्य के प्रोजेक्ट्स के बारे में अनुमान लगाना शुरू कर दिया और कई लोगों ने उन्हें बधाई भी दी। एक प्रशंसक ने दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, वेटिंग वेटिंग, बधाई हो।

वहीं कुछ ने लिखा कि उन्हें शहनाज की वजह से लूसिफर देखनी है। प्रशंसक ने लिखा, ओएमजी मैं नेटफ्लिक्स पर अपने बच्चे की नई श्रृंखला के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## द कश्मीर फाइल्स से मिथुन चक्रवर्ती का फर्स्ट लुक आया सामने

डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री की बहुचर्चित फिल्म द कश्मीर फाइल्स जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के रिलीज़ होने से पहले मेकर्स एक-एक कर सभी कलाकारों का फर्स्ट लुक रिवील कर रहें हैं।

बीते सोमवार को इस अपकमिंग फिल्म से अनुपम खेर का धांसू लुक रिवील करने के बाद आज मिथुन चक्रवर्ती का भी फर्स्ट लुक जारी किया गया है जो बेहद ही धमाकेदार है। अभिनेता अनुपम खेर ने मिथुन चक्रवर्ती के फर्स्ट लुक को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

फर्स्ट लुक शेयर कर अनुपम ने कैप्शन में लिखा, जम्मू और कश्मीर के रिटायर्ड डिवीजनल कमिशनर ब्रम्ह दत्त को इंट्रोड्यूज कर रहा हूं, जिसका किरदार मिथुन दा द्वारा निभाया गया है। द कश्मीर फाइल्स 26 जनवरी को रिलीज़ हो रहीं हैं। सहमदेखेंगे। बता दे कि हाल ही में रिलीज़ हुएं अनुपम खेर के मोशन पोस्टर को सोशल मीडिया पर काफी वाहवाही मिल रही है, वहीं अब मिथुन चक्रवर्ती के भी फर्स्ट लुक को काफी पसंद किया जा रहा है।

द कश्मीर फाइल्स की कहानी सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें कश्मीरी पंडितों के दर्द, पीड़ा, संघर्ष, राजनीति और दिल दहला देने वाली चीजें दिखाई जाएगी। विवेक रंजन अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित, इस फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती और अनुपम खेर के अलावा दर्शन कुमार, पल्लवी जोशी, भाषा सुंबली और चिन्मय मंडलेकर जैसे सितारे नजर आएंगे। द कश्मीर फाइल्स 26 जनवरी, 2022 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्म एनकैंटो माता-पिता को कुछ महत्वपूर्ण सबक देती है:शिल्पा शेट्टी



एनिमेटेड म्यूजिकल फैंटेसी एनकैंटो ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। इससे उत्साहित बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने कहा कि यह फिल्म माता-पिता को कुछ महत्वपूर्ण सबक देती है। अभिनेत्री ने नए जमाने के पालन-पोषण के तरीके पर अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें बच्चों के व्यक्तित्व को उस रूप में ढालने की जरूरत है, जिस तरीके से वे सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं। माता-पिता के रूप में आपको बहुत पहले ही पता चल जाता है कि कोई भी दो बच्चे एक जैसे नहीं होते।

उन्होंने कहा, प्रत्येक बच्चे में अपने व्यक्तिगत गुण होते हैं जो उन्हें खास बनाते हैं। हम अपने बच्चों के पास पहले से मौजूद उपहारों को अनदेखा करते हैं और उनसे कुछ अलग चाहते हैं। यही मैंने एनकैंटो से सीखा है।

शिल्पा ने कहा, हम मिराबेल को अपनी जादुई शक्तियों को खोजने के लिए संघर्ष करते हुए देखते हैं, लेकिन अपने साहसिक कार्य के दौरान वह अपने असली स्व की खोज करती है। मेरा सुझाव है कि इस क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सभी को मिराबेल और मैड्रिगल्स परिवार की कहानी एनकैंटो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखना चाहिए, उनके असली जादू की खोज करने के लिए। मैड्रिगल्स परिवार के जादुई जीवन पर आधारित एनकैंटो की कहानी में हर बच्चे को एक अनोखी जादुई शक्ति का आशीर्वाद मिलता है। इस फिल्म में एक क्रूर साजिश का सामना करने वाले परिवार के जीवित रहने की कहानी कहती है, जो उस जादू के लिए खतरा है जो उन्हें विशेष बनाता है। जेरेड बुश व बायरन हॉवर्ड द्वारा निर्देशित और चारिस कास्त्रो स्मिथ द्वारा सह-निर्देशित यह फिल्म 24 दिसंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी और अंग्रेजी, हिंदी, तमिल व तेलुगू में स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी।

## लारा दत्ता ने कौन बनेगा शिखरवती से जारी किया अपना नया लुक



ओटीटी प्लेटफार्म जी5 लगातार अपने दर्शकों के लिए एक से एक बेहतरीन कंटेंट वाली फिल्में और वेब सीरीज लेकर आते रहते हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही जी5 द्वारा नये प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट की गई थी, जिसका नाम कौन बनेगा शिखरवती है।

कौन बनेगा शिखरवती का ट्रेलर 23 दिसंबर यानी कि आज रिलीज़ होने वाला है, इसी बीच एक्ट्रेस लारा दत्ता ने इस शो से अपना एक नया लुक जारी किया है जिसमें वे बहुत ही अलग अंदाज में नजर आ रहीं हैं।

जी5 के इस अपकमिंग शो में लारा के साथ ही नसीरुद्दीन शाह, सोहा अली खान, कृतिका कामरा और अन्या सिंह मुख्य किरदारों में है। इनके अलावा रघुबीर यादव, साइरस साहूकार, वरुण ठाकुर और अनुराग सिन्हा प्रमुख भूमिका निभाते नजर आएंगे।

इस शो में नसीरुद्दीन एक नालायक राजा मृत्युंजय की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि लारा दत्ता, सोहा अली खान, कृतिका कामरा और अन्या सिंह उनकी बेटियों के किरदार में नजर आएगी।

लारा ने सीरीज से अपना नया लुक सोशल मीडिया पर रिवील करते हुए लिखा, राजकुमारी देवयानी, उर्फ मैडम कड़की क्यों? जल्द ही पता चलेगा। सकौनबनेगाशिखरवती जनवरी में जी5 पर आ रही है।

यह एक कॉमेडी ड्रामा शो है, जिसे गौरव चावला और अनन्या बनर्जी ने डायरेक्ट किया है। एम्मे एंटरटेनमेंट और अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा इस वेब शो को प्रोड्यूस किया जा रहा है। सीरीज का प्रीमियर 22 जनवरी को जी5 पर होगा। फिलहाल कल सीरीज का ट्रेलर देखने के लिए तैयार हो जाइए।

## बिग बॉस 14 फेम निक्की तंबोली जल्द करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू ?

बिग बॉस 14 की लोकप्रिय प्रतिभागी निक्की तंबोली किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई टीवी शोज में अपने हुनर से दर्शकों को प्रभावित किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अच्छी फैन फॉलोइंग बनाई है। अब उनके प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर आ रही है। खबरों की मानें तो निक्की जल्द बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। वाकई में यह अभिनेत्री निक्की के लिए एक सुनहरा मौका होगा।

रिपोर्ट की मानें तो निक्की जल्द बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। कहा जा रहा है कि निक्की ने एक फिल्म साइन कर ली है। इसमें उनके अपोजिट एक प्रतिभाशाली अभिनेता को कास्ट किया गया है। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। वह फिल्म के लिए लगातार रिहर्सल भी कर रही हैं। न्यूज पोर्टल ने निक्की से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

हालांकि, फिल्म के बारे में बाकी जानकारियों को गुप्त रखा गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि किस बैनर और अभिनेता के साथ वह नजर आती हैं। निक्की के फैंस काफी समय से उनकी बॉलीवुड डेब्यू की राह देख रहे हैं। निक्की अपनी खूबसूरती और बोल्ड अवतार के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। उनका अंदाज दर्शकों को पसंद आता है।

बिग बॉस 14 में अपने उग्र व्यवहार के लिए निक्की को हमेशा आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इस सीजन में अल्हड़ अंदाज के कारण निक्की सुर्खियों में रही थीं। उन्हें कई बार बिग बॉस के होस्ट सलमान खान द्वारा प्रतियोगियों के साथ गलत व्यवहार करने के कारण डांटा गया था। इसके बावजूद उनको दर्शकों की काफी सराहना मिली थी। शो के फिनाले में तीसरे नंबर पर निक्की रहीं, जबकि रुबीना दिलैक ने इस शो का खिताब जीता था।

निक्की ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2018 में तेलुगु फिल्म से की थी। इस फिल्म में उन्हें अभिनेता अदित अरुण के साथ लीड एक्ट्रेस के तौर पर देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म कंचना 3 से तमिल इंडस्ट्री में कदम रखा था। राघव लॉरेंस के अभिनय से सजी इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया और इसी से निक्की को भी पहचान हासिल हुई थी।

निक्की कई टीवी शोज के कारण सुर्खियों में बनी रही हैं। उन्हें हाल में खतरों के खिलाड़ी 11 में देखा गया था। उन्हें बर्थडे पावरी, नंबर लिख, शांति, रोको रोको और दिल किसी से जैसे म्यूजिक वीडियो में भी देखा गया है।

# सभी प्रदेशवासियों को सीएम धामी ने दी नववर्ष 2022 की बधाई

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष २०२२ की बधाई दी है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की है। आने वाला वर्ष हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में बहुत से ऐसे काम हुए हैं, जो कि पहले मुमकिन नहीं लग रहे थे। पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा एक लाख करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाएं प्रदेश के लिए स्वीकृत हुई हैं। इनमें बहुत सी योजनाओं पर काम हो गया है या काम तेजी से चल रहा है। हमने कनेक्टिविटी को विकास का मूल मानकर कार्य किया है। पहाड़ पर रेल का जो स्वप्न उत्तराखण्ड की कई पीढ़ियां वर्षों से देख रहीं थीं वो भी अब साकार होता प्रतीत हो रहा है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन और टनकपुर–बागेश्वर रेललाइन परियोजना भी इसी का उदाहरण है। केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री की सड़क कनेक्टीवीटी में सुधार के लिए ८८६ किलोमीटर की चारधाम सड़क परियोजना पर काफी कुछ काम किया जा चुका है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। ऊधमसिंहनगर में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट विकसित किया जा रहा है। एक तरफ राज्य के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का काम किया जा रहा है वहीं पर्यटन, रोजगार और पलायन जैसे विषयों पर भी ठोस रणनीति बना कर प्रो एक्टिव मोड़ में कार्य किये जा रहे हैं। हमारी होम स्टे योजना पर्यटन और पर्यटन केंद्रित रोजगार के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रही है। उत्तराखण्ड देवभूमि ही नहीं, वीरभूमि भी है। देहरादून में भव्य सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण कर इसे पहले से भी अधिक भव्यता प्रदान की गई। यहां परम पूज्य आदि गुरू शंकराचार्य जी की समाधि का पुनर्निर्माण किया गया। हाल ही में प्रधानमंत्री जी ने पांच हजार सात सौ सैंतालीस करोड़ रूपये की लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना से ३०० मेगावाट जल विद्युत का उत्पादन होगा जिससे हमारा प्रदेश न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में एक ज्यादा पावर हाउसज्ज् बनेगा बल्कि हमारे यहां बड़े स्तर पर रोजगारों का सृजन भी होगा। साथ ही साथ इस परियोजना से ६ राज्यों को पीने का पानी भी उपलब्ध होगा। कुमाऊं संभाग में लगभग ५०० करोड़ से अधिक की लागत से एम्स का सेटेलाईट सेंटर के प्रारम्भ होने के पश्चात उत्तराखण्ड भारत का वह पहला राज्य बन जाएगा जहां एम्स के अतिरिक्त एम्स का सेटेलाइट सेंटर भी स्थापित होगा। पहाड़ के दुर्गम क्षेत्रों तक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ४५५ करोड़ रुपये की लागत से पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है।

हमारी सरकार युवाओं के लिए समर्पित सरकार है। हमने २४ हजार सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की है। राज्य की भर्ती परीक्षाओं में आवेदन शुल्क से राहत दी गई है। समूह–ख व ग के पदों पर चयन में अभ्यर्थियों को आयु सीमा में एक वर्ष



की छूट दी गई है। संघ लोक सेवा आयोग, एन.डी.ए, सी.डी.एस एवं उसके समकक्ष लिखित परीक्षा पास करने पर परिवार की आर्थिक स्थिति के आधार पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार की तैयारी के लिये ५० हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जा रही है। ऑनलाईन पढ़ाई को और सुगम बनाने के लिए राज्य के राजकीय स्कूलों के कक्षा १० और १२ के छात्र–छात्राओं और गवर्नमेण्ट डिग्री कॉलेजों के छात्रों को टैबलेट के लिए डीबीटी द्वारा राशि उपलब्ध कराई जायेगी।

कोविड–१६ की पहली और दूसरी लहर में हमारे कोविड–वारियर्स द्वारा सराहनीय काम किया गया। प्रोत्साहन व सम्मान राशि द्वारा हमारी सरकार ने इनके मनोबल को बढ़ाने का काम किया है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमने कोविड से प्रभावित लोगों को जितना सम्भव हो सकता है, राहत पहुंचाने की पूरी कोशिश की है। प्रदेश में कोविड–१६ से प्रभावित पर्यटन, परिवहन व संस्कृति क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए लगभग २०० करोड़, चिकित्सा क्षेत्र के लिए २०५ करोड़ जबकि महिला स्वयं सहायता समूहों और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को ११८ करोड़ रूपए का कोविड राहत पैकेज दिया जा रहा है। लाभार्थियों के खातों में डीबीटी द्वारा राहत राशि पहुंचनी भी शुरू हो गई है। प्रदेश में कोविड से प्रभावित परिवारों के निराश्रित बच्चों को वात्सल्य योजना का सहारा दिया गया है। ऐसे बच्चों को २१ वर्ष की आयु तक ३००० रुपये प्रति माह दिये जायेंगे। राज्य सरकार इन बच्चों का एक अभिभावक की तरह पूरा संरक्षण करेगी।

प्रधानमंत्री की प्रेरणा से दुनिया का सबसे बड़ा कोविड वैक्सीनेशन अभियान ‘सबको वैक्सीन–मुफ्त वैक्सीनज् देश में संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड पूर्ण रूप से पात्र लाभार्थियों को कोविड–१६ वैक्सीन की प्रथम डोज लगाये जाने वाला राज्य बन गया है। शतप्रतिशत दूसरी डोज का लक्ष्य भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रत्येक जिले में आक्सीजन प्लांट प्रारम्भ किए गए हैं। हमने राज्य में निशुल्क जांच योजना प्रारम्भ की है। इसके तहत मरीजों को २०७ प्रकार की पैथेलॉजिकल जांचों की निशुल्क सुविधा मिल रही है। आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में ४४ लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री जी के ‘बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओज् अभियान को आगे बढ़ाते हुए हमने मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना की शुरूआत की है। इसके तहत प्रथम दो बालिकाओं के जन्म पर माता और नवजात कन्या शिशु को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट उपलब्ध कराई जा रही है। हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी बहनों के मानदेय में बढ़ोतरी की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हर विभाग से अगले दस साल का रोड मैप मंगवाया है, ताकि हम भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप राज्य के विकास का खाका खींच सकें। उत्तराखण्ड को लेकर हमारी नीति और नीयत दोनों ही स्पष्ट हैं, ईमानदार हैं। जिस विकास पथ पर अपना उत्तराखण्ड बढ़ चला है, हमें इस यात्रा को रुकने नहीं देना है। हमने अपने प्रदेश को, राज्य की रजत जयंती वर्ष २०२५ तक भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले २ वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कोविड से सफलापूर्वक लड़ाई लड़ी है। अभी भी हमें सावधानी बरतनी है। पूरे विश्व ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कोविड से निपटने के लिये किये गये कार्यों की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से नये वर्ष का उत्सव मनाते समय कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।

## सू- दोकू क्र. 77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 76 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# भूख का विस्तार और सिमटते खेत

पंकज चतुर्वेदी

भले ही तीन कृषि कानून वापस होने के बाद किसान घर लौट गये हों लेकिन गंभीरता से विचार करें तो भारत की अर्थ नीति का आधार खेती-किसानी ही खतरे में है। यह संकट इतना गहरा है कि कहीं देश की बढ़ती आबादी के लिए पेट भरना एक नया संकट ना बन जाए।

आजादी के बाद देश अन्न पर आत्मनिर्भरता ना होने की त्रासदी एक बार भुगत चुका है। आज जिस तरह खेती की जमीन तेजी से अन्य उपयोग में बदली जा रही है, किसान का खेती से मन उचाट हो रहा है, भारत पर यह खतरा बढ़ता जा रहा है कि कहीं खाद्य सुरक्षा पर खतरा ना खड़ा हो जाए। यही नहीं, खेत सिकुड़ने का असर भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने पर भी पड़ रहा है। भारत के गामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग और इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा जारी ‘वेस्टलैंड एटलस-2019’ में उल्लेखित बंजर जमीन को खेती लायक बदलने की सरकारी गौरव गाथाओं के बीच यह दुखद तथ्य भी छुपा है कि हमारे देश में खेती के लिए जमीन साल-दर-साल कम हो रही है, जबकि आबादी बढ़ने से खाद्य की मांग बढ़ रही है और इस दिशा में देश की दुनिया के दीगर देशों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। भारत में खेती की जमीन प्रति व्यक्ति औसतन ०.12 हेक्टेयर रह गई है, जबकि विश्व में यह आंकड़ा ०.28 हेक्टेयर है।

सरकार भी मानती है कि पंजाब जैसे कृषि प्रधान राज्य में देखते ही देखते 14 हजार हेक्टेयर अर्थात कुल जमीन का ०.33 प्रतिशत पर खेती बंद हो गई। पश्चिम बंगाल में 62 हजार हेक्टेयर खेत सूने हो गए तो केरल में 42 हजार हेक्टेयर से किसानों का मन उचट गया। देश के सबसे बड़े खेतों वाले राज्य उत्तर प्रदेश का यह आंकड़ा अणु बम से ज्यादा खतरनाक है कि राज्य में विकास के नाम पर हर साल 48 हजार हेक्टेयर खेती की जमीन को उजाड़ा जा रहा है। मकान, कारखानों, सड़कों के लिए जिन जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है वे अधिकांश अन्नपूर्णा रही हैं। इस बात को भी नजरअंदाज किया जा रहा है कि कम होते खेत एक बार तो मुआवजा मिलने से प्रति व्यक्ति आय का आंकड़ा बढ़ा देते हैं, लेकिन उसके बाद बेरोजगारों की भीड़ में भी इजाफा करते हैं। यह भी सच है कि मनरेगा में काम बढ़ने से खेतों में काम करने वाले मजदूर नहीं मिल रहे हैं और मजदूर ना मिलने से किसान खेती को तिलांजलि दे रहे हैं।

आखिर खेत की जमीन कौन खा जाता है? इसके मूल कारण तो खेती का अलाभकारी कार्य होना, उत्पाद का माकूल दाम ना मिलना, मेहनत की सुरक्षा आदि तो हैं ही, विकास ने सबसे ज्यादा खेतों की हरियाली का दमन किया है। पूरे देश में इस समय बन रहे या प्रस्तावित छह औद्योगिक कॉरीडोर के लिए कोई 2०.14 करोड़ हेक्टेयर जमीन की बलि चढ़ेगी, जाहिर है इसमें खेत भी होंगे। सरकारी रिपोर्ट में भले ही बहुत से आंकड़े दर्ज हों कि कितनी सारी बंजर या बेकार जमीन को काम लायक बदल दिया गया है, लेकिन खेतों के कंक्रीट में बदलने के आंकड़े निराशाजनक हैं। जरा सोचिये जो देश सन् 2031 तक डेढ़ सौ करोड़ की आबादी पार कर जाएगा, वहां की खाद्य सुरक्षा बगैर खेती का इजाफा किए कैसे संभव होगी।

किसानों के प्रति अपनी चिंता को दर्शाने के लिए सरकार के प्रयास अधिकांशत: उसकी चिंताओं में इजाफा ही कर रहे हैं। बीज को ही लें, गत पांच साल के मामले सामने हैं कि बीटी जैसे विदेशी बीज महंगे होने के बावजूद किसान को घाटा ही दे रहे हैं। ऐसे बीजों के अधिक पैदावार व कीड़े न लगने के दावे झूठे साबित हुए हैं। गंभीरता से देखें तो इस साजिश के पीछे कतिपय वित्तीय संस्थाएं हैं जो कि ग्रामीण भारत में अपना बाजार तलाश रही हैं। हकीकत में किसान कर्ज से बेहाल है। नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़े बताते हैं कि आंध्र प्रदेश के 82 फीसदी किसान कर्ज से दबे हैं। पंजाब और महाराष्ट्र में यह आंकड़ा औसतन 65 प्रतिशत है। इन राज्यों में ही किसानों की खुदकुशी की सबसे अधिक घटनाएं प्रकाश में आई हैं। किसान को उसके उत्पाद का सही मूल्य मिले, उसे भंडारण, विपणन की माकूल सुविधा मिले, खेती का खर्चा कम हो व इस व्यवसाय में पूंजीपतियों के प्रवेश पर प्रतिबंध-जैसे कदम देश का पेट भरने वाले किसानों का पेट भर सकते हैं।

# महंगाई-भ्रष्टाचार और दलित उत्पीड़न पर कांग्रेसियों ने किया मौन प्रदर्शन



संवाददाता

देहरादून। नए साल के पहले दिन आज कांग्रेस ने राज्य सरकार को महंगाई भ्रष्टाचार और दलित उत्पीड़न के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। पूर्व सीएम हरीश रावत के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में मौन रखकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हरीश रावत ने कहा कि राज्य में दलित उत्पीड़न के बढ़ते मामले चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में सामाजिक भेदभाव की भावना लगातार बढ़ रही है। उन्होंने रुड़की के एक चर्च पर हमले की घटना और पौड़ी में दलित भोजन माता के हाथ से खाना न खाने की घटना और उधम सिंह नगर में दलित वर्ग के शिक्षक के साथ किए गए अभद्र व्यवहार की घटनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य में सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा दिया जा रहा है। जो चिंताजनक है कांग्रेस इसका विरोध करती है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का कहना है कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर जो बड़े-बड़े दावे किए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया है जिसके विरोध में आज कांग्रेस मौन रहकर विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई से आम आदमी परेशान है। वही सरकार जो भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात तो करती है वही कोरोना टेस्टिंग के नाम पर बड़ा घोटाला किया जाता है। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले 100 दिन में लोकायुक्त के गठन का वायदा जनता से किया था लेकिन सरकार 5 साल बाद भी लोकायुक्त का गठन नहीं कर सकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ जुमले बाजी करते हैं काम नहीं करते। इस मौके पर कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भेल का निजीकरण नहीं होने दिया जाएगा: महेश प्रताप राणा

हरिद्वार (आरएनएस)। बीएचईएल का निजीकरण किए जाने के प्रयासों के विरोध में कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश प्रताप सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं के साथ फाउण्ड्री गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महेश प्रताप सिंह राणा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्थापित बीएचईएल में हजारों लोगों को रोजगार मिला। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भेल का निजीकरण करने का प्रयास कर रही है। भेल का निजीकरण करने के प्रयासों के भाजपा सरकार के प्रयासों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए किसी भी हद तक आन्दोलन करना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि भेल में कार्यरत सविंदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में अशोक उपाध्याय, मनीराम बागड़ी, विकास सिंह, सतेन्द्र वर्मा, संजय बिष्ट, मोहन राणा, कमल रोहिला, पीएल कपिल, यूएन सिंह, एए खान, सत्यपाल शास्त्री, मेहर सिंह, सौरभ त्यागी, संदीप चौधरी, प्रेमचंद सिमरा, राधेश्याम सिंह, प्रह्लाद चौहान, जय प्रकाश शुक्ला, राज कुमार, सोनू प्रजापति, अजय शाह, राज कश्यप, गुरमीत सिंह आदि शामिल रहे।

## दो अंतर्राज्जीय चोर गिरफ्तार..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आटो में रखा चुराया गया सारा माल बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि हमने 20 दिसम्बर को नांगलोई दिल्ली से एक ऑटो चोरी किया था जिसे लेकर हम हरिद्वार पहुंच गये। तथा गौहरी माफी के स्कूलों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी नवीन हरियाणा में हत्या, ऑटो चोरी में जेल जा चुका है तथा प्रवीन ऑटो चोरी, आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है। पुलिस ने उन्हे सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, माल बरामद

हमारे संवाददाता

देहरादून। लोगों के कपड़ों पर गंदगी लगाकर साफ करने के बहाने बातों में उलझा कर सामान चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते 15 दिसम्बर को अरविंद मोहन कुडीयाल कार्यालय प्रभारी उत्तराखंड कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड विस्तार पटल गुमानीवाला द्वारा ऋषिकेश कोतवाली में तहरीर देकर बताया गया था कि 15 दिसम्बर को वह और उनके साथी कैशियर रविंद्र राणा बैंक बंद करके काले रंग के बैग में जिसमें बैंक के अकाउंट ओपनिंग फॉर्म, रविंद्र राणा का आई कार्ड, नकदी, बैंक के कैश सेफ व दरवाजे की चाबियां थी अपने अलग-अलग वाहनों से लेकर ऋण वसूली हेतु जा रहे थे। बताया कि रास्ते में एक व्यक्ति ने रविंद्र राणा को रोककर कहा कि आपकी जैकेट पर मिट्टी व गंदा सा पदार्थ लगा है तो रविंद्र राणा ने अपनी बाइक रोककर बैग उतारा और बाइक पर रख दिया। जिसके बाद वह अपनी जैकेट साफ करने लगे। बताया कि जैकेट



साफ करने के बाद रविंदर राणा ने देखा बैग किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर उक्त चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी।

चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को कल देर रात सूचना मिली कि उक्त चोरी में शामिल कुछ लोग श्यामपुर में देखे गये है। सूचना पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तत्काल बताये गये स्थान पर दबिश देकर दो लोगों को हिरासत में ले लिया। जिनके पास से पुलिस ने चुराया गया माल भी बरामद कर लिया है। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम गंगाराम पुत्र नत्थू राम व मुकेश पुत्र चेतराम निवासी हरदोई उत्तर प्रदेश व हाल खदरी खड़क माफ श्यामपुर बताया। बताया कि हमारे द्वारा कुछ दिन पूर्व एचडीएफसी बैंक श्यामपुर के पास एक काली जैकेट पहने काली मोटरसाइकिल पर सवार आदमी के पास में एक छोटा बैग दिखाई दिया जिसे देखकर लग रहा था कि उसमें पैसे होंगे तो हमने बैग चुराने का प्लान बनाया गंगाराम ने बताया कि उसने खैनी बनाकर उस आदमी के पीछे जैकेट पर थूक दिया और उस व्यक्ति को बताया कि आप की जैकेट गंदी हो रखी है जिस पर उस आदमी ने बाइक खड़ी कर वह बैग मोटर साइकिल के हैंडल पर टांग दिया और जैकेट साफ करने लगा उसी दौरान हम लोगों के द्वारा वह बैग चोरी कर लिया गया था।

# पांच लीटर कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। कच्ची शराब तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर रात पांच लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर रात कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को कुल्हाल



कुंजा में एक संदिग्ध आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोक कर तलाशी ली तो उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम सुखपाल पुत्र रोशनलाल निवासी कुंजा बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# नगर निगम ने शुरू किया स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान

नगर संवाददाता

देहरादून। नगर निगम देहरादून ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आज से अभियान का शुभारंभ किया। वहीं स्वच्छता में नगर निगम की रैंक सुधरने पर मेयर सहित अन्य अधिकारियों ने इसमें और सुधार करने के साथ ही 50 से 25 रैंक तक देहरादून निगम को लाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही निगम ने आरजे काव्या और समाजसेवी अनूप नौटियाल को इस अभियान का ब्रांड अंबेसडर भी घोषित किया है।

आज नगर निगम बोर्ड बैठक में सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि बेहतर लक्ष्य पाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। रैंकिंग में और सुधार लाने के लिए भी निगम पूरा प्रयास कर रहा है और इस लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 से 25 तक रैंक के लिए भी निगम प्रयासरत है। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की है कि सभी लोग यह प्रतिज्ञा लें कि न गंदगी करेंगे न करने देंगे। जब लोग स्वयं ही शुरूआत करेंगे तो निश्चित ही रैंकिंग में सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि हम अन्य शहरों से तुलना नहीं कर सकते हैं क्योंकि हमारे

### ❑अनूप और काव्या बने ब्रांड एंबेसडर

पास संसाधनों की कमी है लेकिन फिर भी सामूहिक जिम्मेदारी से लक्ष्य को पूरा करना है। कहा कि दीवार लेखन, पेंटिंग करवाई जाएगी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जो वार्ड सबसे साफ-सुथरे होंगे उनको पुरस्कार स्वरूप अतिरिक्त बजट दिया जाएगा। इसमें प्रथम को 25 लाख, द्वितीय को 15 लाख तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले वार्ड को 10 लाख की धनराशि दी जाएगी। नगर आयुक्त अभिषेक रोहिला ने कहा कि स्वच्छता के मॉडल को पहचान देने की जरूरत है। इस स्वच्छता सर्वेक्षण में लोग माय जीओवी, वोट फॉर योर सिटी, 1969 हेल्पलाइन, क्यू आर बेस्ड फीडबैक, एसएस2022 पोर्टल के जरिए फीडबैक दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के साथ ही आम लोगों का सहयोग भी जरूरी है।

वहीं ब्रांड एंबेसडर अनूप नौटियाल ने कहा कि दून निगम ने सर्वेक्षण में अच्छा सुधार किया है। उत्तराखंड में भी नौ नगर निगम हैं और यहां भी बेहतर कार्य हो सकते हैं। ब्रांड एंबेसडर आरजे काव्या ने कहा कि देहरादून नगर निगम तभी मॉडल शहर बन सकता है जब हर आदमी की इसमें भागीदारी होगी। हमारा अगला लक्ष्य दून को टॉप शहरों में शामिल करना है। इसके लिए संचार के सभी माध्यमों का प्रयोग भी किया जाएगा।



## एक नजर

# पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 10वीं किस्त जारी की


नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को १०.०६ करोड़ किसानों को पीएम–किसान योजना के तहत २०,६०० करोड़ रुपये की १०वीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को यह राशि जारी की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि



(पीएम–किसान) योजना के तहत पात्र किसानों को एक साल में ६,००० रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। किसानों को यह राशि २,००० रुपये की तीन समान किस्तों में उनके बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है। वर्चुअल कार्यक्रम में मोदी ने ३५१ कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को १४ करोड़ रुपये से अधिक का इक्विटी अनुदान भी जारी किया। इससे १.२४ लाख किसानों को फायदा होगा। इस कार्यक्रम में नौ राज्यों के मुख्यमंत्री, विभिन्न राज्यों के मंत्री और कृषि संस्थानों के प्रतिनिधि भी वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। इस मौके पर कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि नए साल २०२२ के पहले दिन १०.०६ करोड़ लाभार्थियों के खातों में २०,६०० करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित की गई है।

# 15 से 18 साल के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोवीन पर पंजीकरण शुरु

नई दिल्ली। देश में आज से १५ से १८ साल के बच्चों के लिए कोविड–१६ टीकाकरण के लिए कोवीन पर पंजीकरण शुरू हो चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि १५ वर्ष से १८ वर्ष की आयु के किशोरों के कोविड–१६ रोधी टीकाकरण के लिए कोविन पोर्टल पर पंजीकरण शनिवार से शुरू हो गया। मांडविया ने ट्विटर के माध्यम से लोगों से अनुरोध किया कि वे टीकाकरण के लिए अपने परिवारों के पात्र किशोरों का पंजीकरण कराएं। उन्होंने ट्वीट किया, बच्चे सुरक्षित, तो देश का भविष्य सुरक्षित। नववर्ष के अवसर पर आज (शनिवार) से १५ वर्ष से १८ वर्ष की आयु के बच्चों के कोविड–१६ रोधी टीकाकरण के लिए कोविन पोर्टल पर पंजीकरण शुरू किया जा रहा है। मेरा परिजनों से आग्रह है कि पात्र बच्चों के टीकाकरण के लिए उनका पंजीकरण कराएं। उल्लेखनीय है कि १५ वर्ष से १८ वर्ष के किशोरों के लिए टीकाकरण तीन जनवरी से शुरू हो जाएगा। कोवीन पंजीकरण जहां शनिवार से शुरू होंगे, वहीं ऑनसाइट पंजीकरण टीकाकरण के दिन यानी ३ जनवरी से ही शुरू हो जाएगा।




# राहतः इंडियन ऑयल ने 100 रुपये घटाए कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम

नयी दिल्ली। साल २०२२ की शुरुआत खुशखबरी के साथ हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑइल ने १ जनवरी से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में १०० रुपये की कटौती कर लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले पिछले साल दिसंबर महीने में



इंडियन ऑयल ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में इजाफा किया था। दिसंबर में १६ किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के भाव में १०० रुपये की वृद्धि की गई थी। बहरहाल, आम लोगों के लिए राहत की बात यह है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में उस वक्त कोई भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई थी और इस बार भी कीमत को स्थिर रखा गया है। कमर्शियल सिलेंडर के भाव में कमी करने से रेस्टोरेंट और होटल चलाने वाले कारोबारियों को काफी राहत मिलेगी। इंडियन ऑयल की ओर से सिलेंडर के दामों में कमी के बाद देश के बड़े शहरों पर नजर डालें तो कमर्शियल सिलेंडर के भाव में की गई १०० रुपये की कटौती के बाद दिल्ली में १६ किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत २००१ रुपये हो गई है। कोलकाता में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर २०७७ रुपये में मिलेगा। वहीं मुंबई में १६ किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत १६५१ रुपये हो गई है।

# शिक्षा के गुणात्मक सुधार को कर रहें कार्यः धामी

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में निशुल्क मोबाईल टैबलेट योजना शुरू की




नगर संवाददाता

देहरादून। उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी कार्य करें, पूर्ण मनोयोग से करें। विकल्प रहित संकल्प के साथ सबको जीवन में आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक युवा देश है। देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु वर्ग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भारत आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राजपुर रोड, देहरादून में निशुल्क मोबाईल टैबलेट योजना के क्रियान्वयन हेतु आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय की सौ छात्राओं को निशुल्क टैबलेट प्रदान किये। शनिवार को यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 70 विधानसभाओं में आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरोना काल में ऑनलाईन पढ़ाई के लिए बच्चों को पढ़ाई के लिए काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा। बच्चों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा उनके लिए टैबलेट उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि राज्य में शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। डिजिटल लर्निंग के अन्तर्गत राज्य के 500 स्कूलों में वर्चुअल कक्षाएं चलाई जा रही हैं। 600 अन्य स्कूलों में भी शीघ्र ये सेवाएं शुरू की जायेंगी। राज्य के 709 राजकीय विद्यालयों में 1418 स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की जा रही हैं, यह कार्य 15 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राजपुर रोड में ऑडिटोरियम बनाया जायेगा। प्रदेश में लगभग 2 लाख 65 हजार विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए राज्य सरकार द्वारा निशुल्क टैबलेट खरीद हेतु प्रति विद्यार्थी को डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रूपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में टैबलेट खरीद हेतु राजकीय स्कूलों के 10वीं, 12वीं के 1 लाख 59 हजार विद्यार्थियों को डीबीटी द्वारा धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की कि कोविड के नये वेरिएंट ओमीक्रोन से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोविड एप्रोप्रिएट विहेवियर का पालन जरूर करें। कोरोना से बचाव के लिए सरकार द्वारा पूरी तैयारी की गई है, लेकिन इससे बचाव के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर सचिव शिक्षा आर. मीनाक्षी सुन्दरम, जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आर. राजेश कुमार, शिक्षा महानिदेशक वंशीधर तिवारी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी, निदेशक एससीईआरटी आरके कुंवर, मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून डॉ. मुकुल कुमार सती, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राजपुर रोड प्रेमलता बौड़ाई, स्कूल की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद थे।

# एडीजी संजय गुंज्याल फिर बने इंटेलिजेंस प्रमुख



हमारे संवाददाता

देहरादून। सरकार द्वारा आज उत्तराखंड पुलिस के कुछ आला अधिकारियों के तबादलों की सूची जारी कर दी गई है। संजय गुंज्याल, अमित सिन्हा और डॉक्टर वी.मुरुगेशन आज से अपने कंधों पर क्रास के साथ अशोक भी लगा सकेंगे। तीनों अधिकारियों का प्रमोशन डीसीपी के साथ ही एडीजी रैंक पर हो चुका है। संजय गुंज्याल को इंटेलिजेंस चीफ के पद पर बरकरार रखा गया है जबकि दस आईपीएस अफसरों की नए सिरे से की गई पोस्टिंग में पुराने महकमों में ही बरकरार रखा गया है। जबकि एडीजी डॉक्टर पीवीके प्रसाद को सीआईडी से

### ❑अमित सिन्हा, मुरुगेशन भी आज से कंधे पर लगाएंगे अशोक क्रास

हटाकर अभियोजन की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

उल्लेखनीय है कि 1997 बैच के अधिकारी संजय गुंज्याल जो सबसे अधिक भरोसेमंद अधिकारियों में से एक माने जाते हैं, पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सबसे अधिक भरोसा जताते हुए उन्हें इंटेलिजेंस चीफ बनाया गया है। क्योंकि इंटेलिजेंस चीफ को जब चाहे तब मुख्यमंत्री से मिलने का अधिकार होता है। आज ही आईजी बनाए गए केवल खुराना को अभिसूचना से हटाकर पुलिस आधुनिकीकरण की जिम्मेवारी सौंपी गई है। वही आईपीएस विमला गुंज्याल को पीएसी सतर्कता से हटाकर सीआईडी दूरसंचार दिया गया है। डीआईजी बनी निवेदिता कुकरेती को कार्मिक से हटाकर अभिसूचना भेजा गया है। पी. रेणुका देवी को लॉ एंड ऑर्डर व क्राइम ब्रांच की जिम्मेवारी मिली है तथा बरिन्दर जीत सिंह को डीआईजी (पीएसी) मुख्यालय व डिप्टी डायरेक्टर विजिलेंस बनाया गया है। इसके अलावा भी कुछ अन्य अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है।

**आवश्यकता है**

होटल साइना इन में आवश्यकता है वेटर व बिल क्लर्क की।

संपर्क करें- 9358134808

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है एक माली की।

संपर्क करें- 9358134808

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
कांति कुमार

*संपादक*
पुष्पा कांति कुमार

*समाचार संपादक*
आनंद कांति कुमार

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*